केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406


# दैनिक भारतीय बस्ती


भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406



भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 224 मंगलवार 11 मार्च 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## लोकसभा में गूंजा मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा: राहुल गांधी ने उठाये सवाल

**नई दिल्ली (आभा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर चर्चा की मांग। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इस मसले पर चर्चा करने की जरूरत है। कई और सदस्यों ने भी जब ऐसी ही मांग उठाई थी तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने चुटकी लेने के अंदाज में कहा था कि क्या वोटर लिस्ट सरकार बनाती है। यदि सरकार नहीं बनाती तो फिर यहां चर्चा करने की क्या जरूरत है। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम आपकी इस दलील को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। गांधी ने कहा कि पूरा विपक्ष मतदाता सूची पर चर्चा की मांग कर रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि मतदाता सूची को पूरे देश में सवालों के घेरे में रखा जा रहा है। हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में इस पर सवाल उठाए हैं, जिसमें महाराष्ट्र भी शामिल है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह बताया है कि मुर्शिदाबाद और बर्धवान संसदीय क्षेत्रों और हरियाणा में समान इलेक्ट्रोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड यानी ईपीआईसी नंबर वाले मतदाता मौजूद हैं।



रॉय ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराने के लिए नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची की पूरी तरह से समीक्षा की मांग की। टीएमसी के सांसद ने कहा कि वोटर लिस्ट में कुछ गंभीर खामियां हैं। उन्होंने कहा कि यह महाराष्ट्र के संदर्भ में बताया गया था, जहां मतदाता सूची में गड़बड़ी की गई थी। हरियाणा में भी इसकी ओर इशारा किया गया था। अब वे पश्चिम बंगाल और असम में भी ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं, जहां अगले साल चुनाव होने वाले हैं।

टीएमसी लीडर ने कहा कि पूरी मतदाता सूची की गहन समीक्षा होनी चाहिए। चुनाव आयोग को देश को यह बताना चाहिए कि सूची में ये गलतियां क्यों हुईं। उन्होंने कहा कि यदि इसमें सुधार नहीं किया गया तो फिर निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद की जा सकती है। इस पर जब स्पीकर ने दलील दी कि वोटर लिस्ट तो सरकार तैयार नहीं करती। फिर राहुल गांधी खुद उठ खड़े हुए और स्पीकर से कहा कि हम जानते हैं कि वोटर लिस्ट सरकार नहीं बनाती, लेकिन इस पर चर्चा जरूरी है।

## बंद कताई मिलों पर लगेंगे नए उद्योग

**लखनऊ (आभा)।** सोमवार को सूबे की योगी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक की गई। बैठक लोकभवन में आयोजित की गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।



योगी मंत्रिपरिषद की बैठक में बंद पड़ी कताई मिलों पर नए उद्योग लगाने को मंजूरी मिली। टैक्सफेड ग्रुप के अंतर्गत उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की 451.20 एकड़ भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को निरूशुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है।

उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी इकाइयों में महमूदाबाद (सीतापुर) में 71.02 एकड़, फतेहपुर में 55.31 एकड़, मऊआइमा (प्रयागराज) में 85.24 एकड़, बहादुरगंज (गाजीपुर) में 78.92 एकड़, कम्पिल (फर्रुखाबाद) में 82.15 एकड़ और बुलंदशहर में 78.56 एकड़ भूमि यूपीसीडा को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इन भूमियों पर नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की जाएगी।

## एक नजर

### डीएम ने किया अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निरीक्षण



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में निर्माणाधीन 08 अतिरिक्त कक्षा कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि निर्माण कार्य प्रगति पर है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता ठीक है। यूपी० निर्माण एवं श्रम विकास संघ लिमिटेड, बस्ती द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

उन्होने देखा कि कोरसैन्ड, सीमेन्ट का पेस्ट, टाइल्स व पीओपी० लगाने का कार्य नहीं किया गया है। उन्हे अवगत कराया गया कि सममतीकरण का कार्य दो दिवस में पूर्ण हो जायेगा तथा निर्माण कार्य माह दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण किया जाना था, किन्तु बजट प्राप्त न होने के कारण कार्य में विलम्ब हुआ है। अवर अभियन्ता द्वारा दिनाँक 31 मार्च, 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

### खाद्यान्न का वितरण 11 से

–भारतीय बस्ती संवाददाता–


बस्ती । एन.एफ.एस.ए. से आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को आगामी 11 से 25 मार्च के मध्य खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण ई–पास मशीन से किया जायेंगा। उक्त जानकारी जिलापूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह ने दी है। उन्होने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारको को प्रति कार्ड कुल 35 किग्रा., जिसमें 14 किग्रा. गेहूँ एवं 21 किग्रा. चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारको को प्रति यूनिट कुल 05 किग्रा., जिसमें 02 किग्रा. गेहूँ एवं 03 किग्रा. चावल का निःशुल्क वितरित किया जायेंगा। उन्होने यह भी बताया है कि अन्त्योदय कार्डधारको को प्रति कार्ड रू. 18 प्रति किग्रा. की दर से 03 किग्रा. चीनी का वितरण किया जायेंगा। उन्होने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त ना कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ.टी.पी. वेरिफिकेशन (प्राक्सी) के माध्यम से वितरण किया जायेगा।

### मिल गये एएसपी के गायब पिता

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मुरादाबाद में एडिशनल एसपी एलआईयू के पद पर तैनात श्रीकांत प्रजापति के बुजुर्ग पिता रामलक्ष्मण (78) को सोनहा पुलिस ने सातवें दिन बभनान कस्बे से खोज लिया गया। वह दिन में करीब 11रू15 बजे सोनहा थानाक्षेत्र के अमरौली शुमाली के टोला रामनगर स्थित अपने घर से पीएनबी भिरिया ऋतुराज के लिए निकले थे। उन्हें रुपये निकालना था। जब घर वापस नहीं आए तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सोनहा पुलिस ने उनके पुत्र महेंद्र कुमार प्रजापति की तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया था। एएसपी के पिता के गायब होने की सूचना के बाद पुलिस में हड़कंप मच गई। प्रभारी निरीक्षक मोतीचंद व उनकी टीम ने अयोध्या, सिद्धार्थनगर सहित अन्य संभावित ठिकानों पर तलाश किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। समय गुजरने के साथ पुलिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही थीं। पुलिस ने सूचना के आधार पर उन्हें गौर थाना क्षेत्र के बभनान कस्बे से खोज निकाला। उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## कंटेनर, कार भिड़ंत में 5 की मौत: 3 घायल



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

**बस्ती।** सोमवार को बस्ती–अयोध्या हाईवे पर हुए सड़ध्क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। यह लोग गोरखपुर के बताए जा रहे हैं। हादसे में तीन अन्य घायल हैं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। भीषण हादसा नगर थानाक्षेत्र स्थित गोटवा के पास हुआ। मृतकों में चार की पहचान नहीं हो पाई है। पांचवां मृतक गाड़ी का चालक प्रेम गोरखपुर का रहने वाला है।

नगर थानाक्षेत्र में गोटवा टाटा एजेंसी से पश्चिमी साइड पर एक कंटेनर, जो जनपद बस्ती से अयोध्या की ओर जा रहा था। अचानक लेन चेंज करने पर अयोध्या से बस्ती की ओर आ रही सात सीटर कार से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भीषण हादसे में पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। हादसे में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना पर क्षेत्राधिकारी कलवारी, थाना अध्यक्ष नगर, चौकी इंचार्ज फुटहिया मय हमराह फोर्स मौके पहुचे। राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। हादसे में घायल लोगों को अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। तीनों घायलो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

इस भीषण सड़क हादसे के चलते हाईवे पर दोनों लेने जाम हो गया था। मृतकों में एक की पहचान हो पाई है जो कार का चालक है। ड्राइवर प्रेम खोराबार थाना क्षेत्र जनपद गोरखपुर के तरकुलही जसोपुर का रहने वाला है। व्यक्ति के घर वालों को सूचना दे दी गई। कार सवार सभी लोग गुजरात से बिहार और गोरखपुर जा रहे थे। सभी गांव – तरकुलही, जासोपुर थाना– खोराबार गोरखपुर के थे।

घायलों में अनिरुद्ध पुत्र सूर्यनाथ उम्र 59 वर्ष निवासी तरकुलही जाशोपुर, थाना गोरखपुर, भूलाल पुत्र शंभू प्रसाद उम्र 29 वर्ष गांव बजरिक महुआंव थाना विजयपुर जिला– गोपालगंज बिहार और झंगुरी यादव पुत्र उमा यादव उम्र 30 वर्ष गांव – बेदी सुजावल थाना दसया जिला– गोपालगंज बिहार के हैं।

## जागरूकता शिविर में दिया किडनी रोगों से बचाव की जानकारी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। सोमवार को बड़े वन के निकट स्थित हार्ट एण्ड कैंसर हास्पिटल में किडनी और कैंसर रोगों के प्रति जागरूकता के लिये शिविर लगाकर मरीजों को जागरूक किया गया। डा. कर्नल कुलदीप सिंह और डा. अजय कुमार चौधरी ने बताया कि अनुमान है कि क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) से दुनिया भर में लगभग 850 मिलियन लोग प्रभावित हैं । यदि इसका पता नहीं लगाया गया और समय पर इलाज नहीं किया गया, तो सीकेडी गुर्दे की विफलता में बदल सकता है, जिससे गंभीर जटिलताएं और समय से पहले मृत्यु हो सकती है। वर्ष 2040 तक सीकेडी के जीवन के वर्षों के नुकसान का 5 वां प्रमुख कारण बनने का अनुमान है। चिकित्सकों ने बताया कि कुशल चिकित्सकों की देख रेख में समय से इलाज, खान पान दिनचर्या में अनुकूल बदलाव से किडनी से जुड़े रोगों का समुचित इलाज संभव है। चिकित्सकों ने 45 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें समुचित परामर्श दिया।

डा. कर्नल कुलदीप सिंह और डा. अजय कुमार चौधरी ने बताया कि प्रायः देखा गया है कि मरीज रोगों को छिपाये रखते हैं और जब स्थितियां नाजुक होने लगती हैं तब उपचार के लिये आते हैं। जब बैक्टीरिया या वायरस किडनी में प्रवेश कर जाते हैं, तो इस कारण से किडनी में संक्रमण हो जाता है। बताया कि किडनी का संक्रमण, एक या दोनों किडनी को प्रभावित कर सकता है। सबसे पहले यूटीआई को रोकने से किडनी संक्रमण की रोकथाम में मदद मिल सकती है। किडनी इंफेक्शन का समुचित उपचार संभव है और मरीज कुछ ही दिनों में पूरी तरह से स्वस्थ हो जाते हैं, इससे डरने की नहीं सही समय पर इलाज की जरूरत है।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने सेन्ट जोसफ स्कूल में छात्रों के साथ खेली होली



### –सनातन पर्व, त्यौहार की उपेक्षा, मनमानी बर्दाश्त नहीं– अखिलेश सिंह

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

**बस्ती ।** सेन्ट जोसफ स्कूल जिगिना के प्रबंधतंत्र द्वारा स्कूली बच्चों को होली न खेलने का सुझाव देना मंहगा पड़ा। समाज में इसकी तीखी प्रतिक्रिया हुई। सेन्ट जोसफ ने इस पर सफाई भी दिया। इसे लेकर सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अगुवाई में जब स्कूली बच्चों, शिक्षकों के साथ महासंघ पदाधिकारियों ने होली खेली तो बच्चों के चेहरे खिल गये। उनका उल्लास देखने लायक था। इस भव्य भगवा होली को सनानत परम्परा की जीत बताते हुये अखिलेश सिंह ने कहा कि हमारे पर्व त्यौहार सदियों से मनाये जा रहे हैं। इसाई मिशनरी द्वारा संचालित विद्यालय सेन्ट जोसफ स्कूल के प्रबंधतंत्र को खुला संदेश दे दिया गया है कि सनातन पर्व, त्यौहारों की उपेक्षा को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा। होली खेलने के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन के लोग भी उपस्थित रहे।

विश्व हिन्दू महासंघ युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि सेन्ट जोसफ स्कूल के प्रबंधतंत्र ने अभिभावकों को संदेश दिया था कि किसी छात्र को होली खेलने के लिये पैसा या रंग आदि न दे, कोई भी बच्चा अपने साथ रंग या गुलाल लेकर नहीं आयेगा, स्कूल कैंपस में होली खेलना सख्त मना है। यह तुगलकी फरमान हैरान करने वाला था। कहा कि जानकारी होते ही विश्व हिन्दू महासंघ के साथ ही अनेक हिन्दू संगठनों ने इसका मुखर विरोध किया। विश्व हिन्दू महासंघ ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि स्कूलों में सनातन परम्परा, पर्व, त्यौहार का विरोध स्वीकार नही किया जायेगा। सेन्ट जोसफ स्कूल में होली खेलकर यह स्पष्ट संदेश दे दिया गया है।

सेन्ट जोसेफ स्कूल में होली खेलने के दौरान विश्व हिन्दू महासंघ के अजय मिश्रा,विजय शंकर शुक्ल, अर्पण श्रीवतास्तव,अभय प्रताप सिंह, विक्रांत प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह के साथ ही स्कूल के छात्र, शिक्षक आदि शामिल रहे।

## समाज को सही दिशा देने में संत रविदास, संत गाडगे जैसे महापुरूषों का विशेष योगदान– डा. वी.के. वर्मा



### –विचार गोष्ठी में विमर्श, 'समण संदेश' स्मारिका का विमोचन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। समाज को सही दिशा देने में संत रविदास, संत गाडगे जैसे महापुरूषों का विशेष योगदान रहा है। इनके बताये पद चिन्हों पर चलकर हम स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं। जाति, धर्म के नाम पर उत्पीड़न का सिलसिला बंद कर हमें कर्म प्रधानता को सम्मान देना होगा। यह विचार वरिष्ठ चिकित्सक, साहित्यकार डा. वी.के. वर्मा ने व्यक्त किया। वे प्रेस क्लब में संत गाडगे गुरू रैदास संयुक्त जयन्ती सेवा समिति द्वारा संत रविदास और संत गाडगे पर केन्द्रित संयुक्त गोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप मं सम्बोधित कर रहे थे।

डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि संत रविदास और संत गाडगे ने समाज को समरस बनाने में जो योगदान दिया उस परम्परा को नयी पीढी को आगे बढाने का दायित्व निभाना होगा। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि समाज जब अनेक कुरीतियों में जकड़ा हुआ था संत रविदास, संत गाडगे ने समाज को नयी ऊर्जा दिया। इस अवसर पर अतिथियो ने 'समण संदेश' स्मारिका के दूसरे अंक का विमोचन किया।

आयोजक ज्ञान दास कनौजिया, गंगा प्रसाद कनौजिया, बाबूलाल कनौजिया, कैलाश नाथ के संयोजन में आयोजित विचार गोष्ठी को अर्जक संघ अध्यक्ष राम प्रकाश पटेल, यशवंत भारती , आदया प्रसाद ,सरोज कुमारी , दिनेश कुमार, आर. डी. निषाद, उदयभान आदि ने सम्बोधित करते हुये संत रविदास और संत गाडगे के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी का उदघाटन आर. सी. चौधरी, संचालन डॉ बाबूलाल गौतम बौद्धाचार्य और अध्यक्षता राधेश्याम ने किया।

कार्यक्रम में जे.पी. राव, जय गोविंद श्याम, डॉ. सुनील कनौजिया, रामकेश निषाद, पवन कुमार, बेचू राम, गिरधारी लाल, उषा कुशवाहा, विनीता ,मैना देवी, रामकेश चौधरी, जंग बहादुर यादव ,जिन रत्न मौर्य, आनंद कनौजिया ,नंदलाल ,आनंद कुमार ,संत कुमार चौधरी ,सुरेंद्र कुमार ,मनीष कुमार, डॉक्टर भानु कनौजिया ,उमेश चंद्र वर्मा , बाबू राम भारती, बीपी सक्सेना के साथ ही बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सेन्ट जोसेफ स्कूल की मान्यता समाप्त कर मिशनरी स्कूलों की गतिविधियों पर नियंत्रण की मांग: सौंपा ज्ञापन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। सोमवार को समाजसेवी व भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपते हुए सेंट जोसेफ स्कूल की मान्यता समाप्त करते हुए जनपद में स्थापित अन्य मिशीनरी स्कूलों की गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश जारी कर हिंदू जनभावनाओं से खिलवाड़ पर रोक लगाने की मांग किया।

ज्ञापन देने के बाद भाजपा नेता सुदामा पाण्डेय ने कहा कि जनपद में स्थापित ईसाई मिशनरी (माइनारिटी) स्कूलों द्वारा विद्यालय के आड़ में आये दिन सनातनी परम्पराओं में हस्तक्षेप कर हिंदू जनभावनाओं को आहत करने व समाज के निचले तबके में नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है जनपद में स्थापित लिटिल फ्लावर स्कूल हर्रैया हो या सेंट जोसेफ अथवा मिशनरी द्वारा संचालित अन्य संस्थान इनके द्वारा आये दिन बच्चों के शिखा,तिलक व कलावा पर आपत्ति जताया जाता है । सेंट जोसेफ स्कूल जिगिना द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप पर छात्रों



### -भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने किया दिशा महिला समिति के गतिविधियों के जांच की मांग

व अभिभावकों को होली न खेलने हेतु वो भी स्कूल परिसर के साथ साथ बाहर भी न खेलने का स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया यह स्थितियां चिन्ताजनक हैं।

उन्होंने कहा कि इन्हीं विद्यालयों के संरक्षण में नई दिशा महिला समिति जो कि बस्ती शहर में स्थापित हैं वो जनहित के कार्यों के आड़ में गरीब समाज के लोगों में हिन्दू मान्यताओं के विरुद्ध नफरत फैलाने का काम कर रही है और उन्हें किसी न किसी बहाने इन्हीं स्कूलों में बुलाकर मोटीवेट कर रही है। यही नहीं दिशा महिला समिति जिन सामाजिक कार्यों की बात करती है उन पर जनपद में कितना का हुआ है जांच किया जाये कि पर्यावरण सुरक्षा हेतु इन्होंने क्या किया है कितने पौधे लगायें है कितने गरीब विधवा व विकलांग के पुनर्वास की व्यवस्था की है इन कार्यों के आधार पर समाज को दूषित किया जाना उचित नहीं है।

श्री पाण्डेय ने मांग किया कि होली जैसे परम्परागत त्यौहार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देकर हिन्दू भावनाओं को आहत करने वाले सेंट जोसेफ स्कूल की मान्यता समाप्त कर संचालन तत्काल बंद करायें व जनपद में स्थापित अन्य मिशनरी स्कूलों व नई दिशा महिला समिति बस्ती की गतिविधियों का समय–समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करायें व स्पष्ट निर्देश जारी करें कि विद्यालय में हिन्दू संस्कृति व त्यौहार पर आपत्ति न की जाये ।

ज्ञापन देने वालों में सतीश द्विवेदी, महेंद्र प्रताप सिंह, राहुल शर्मा, जगतबली सिंह, राजीव पाण्डेय, आनन्द सिंह,संगीता सिंह, सुनील सिंह,दीपक पाण्डेय, सुमित तिवारी सहित दर्जनों समर्थक मौजूद रहे।

## कामरू कामाख्या मंदिर में विधि विधान से देवी, देवताओं की प्रतिमायें स्थापित



### –सुन्दरकाण्ड के साथ भण्डारे में उमड़ी आस्था

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। विधि विधान से वैदिक मंत्रो के बीच वैदिक परम्परा के अनुरूप विद्वान आचार्यों द्वारा पाण्डेय बाजार बांसी रोड स्थित कामरू कामाख्या मंदिर के विग्रह में शुभ मुहूर्त में विधि विधान से राम जानकी, लक्ष्मण और कामरू कामाध्या माता की प्रतिमा को स्थापित किया गया। मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद आयोजित अनुष्ठान की कड़ी में सुन्दर काण्ड पाठ व कीर्तन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने हिस्सा लिया।

ज्ञात रहे कि कुछ माह पूर्व पाण्डेय बाजार स्थित प्राचीन कामरू कामाख्या मन्दिर को ध्वस्त कर दिया गया था। इसके बाद अनेक हिन्दू संगठनो, आम जनता, व्यापारी, राजनीतिक नेता तथा युवाओं ने जन सहयोग में भव्य मन्दिर के निर्माण में योगदान दिया। कामरू कामाख्या मन्दिर के विग्रह में माता कामरू कामाख्या, रामजानकी तथा लक्ष्मण की अष्टधातु की प्रतिमाओं को विद्वान पंडितो द्वारा मन्दिर के मुख्य पुजारी ने विधि विधान व पूजन शुद्धीकरण कराते हुए स्थापित कराया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, लवकुश पटेल, अखिलेश सिंह, हरीश सिंह, के.के. गुप्ता, निखिल सिंह, दिलीप सिंह, गिरधारी लाल, श्याम सुन्दर जायसवाल, गोपेश पाल मनोज कुमार, राम गोपाल, श्याम जायसवाल, सचिन भाटिया, विक्की गुप्ता, सोनू गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, रविन्द्र सिंह, स्कन्द जायसवाल, विनोद जायसवाल, श्याम सुन्दर जायसवाल, सुनील तुलस्यान, नीरज कुमार गुप्ता, भीम बरगाह, आशुतोष शर्मा, सल्ली, बजरंग लाल, देवांश गुप्ता, अनीष, भोला सिंह, दीपू जायसवाल, शोभी सोनकर, अभिषेक जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, संजय गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, शुभ चन्द, अजीत कुमार, कौशल कुमार, कमल जायसवाल के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
# भारतीय बस्ती
बस्ती 11 मार्च 2025 मंगलवार

## सम्पादकीय

## मोबाइल से बीमार होता बचपन

यह आशंका अकसर जतायी जाती रही है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अब हाल में हुए अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को चेताया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां—बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल—कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है।

विडंबना यह है कि जीवनशैली में आए बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील देकर बच्चे भी मोबाइल—लेपटॉप आदि से चिपके रहने का बहाना ढूंढ ही लेते हैं। तेज आवाज का संगीत व कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय—समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार—प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

मोबाइल फोन के रेडिएशन से उत्पन्न खतरों में सबसे बड़ा खतरा है कैंसर। अगर आप अपने मोबाइल फोन को पूरा दिन अपनी जेब में या शरीर से चिपकाकर रखते हैं तो संबंधिघ्त स्थान पर ट्यूमर होने की आशंका बढ़ जाती है और आप आसानी से कैंसर के शिकार हो सकते हैं। रात के समय मोबाइल फोन को शरीर से सटाकर या सीने पर रखकर सोने की आदत है तो यह आदत आपके लिए बेहद खतरनाक ही नहीं जानलेवा भी हो सकती है। इसके अलावा इसके रेडिएशन का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर भी नकारात्मक पड़ता है। मोबाइल फोन से निकलने वाले इलेक्ट्रोमेगनेटिक विकिरणों से आपका डीएनए तक क्षतिग्रस्त हो सकता है। इसके अलावा इसका अधिघ्क इस्तेमाल आपको मानसिक रोगी भी बना सकता है। समय रहते इससे सचेत होने की जरूरत है।

# योगी कैबिनेट में बदलाव और नये बीजेपी अध्यक्ष की सुगबुगाहट



—अजय कुमार—



भारतीय जनता पार्टी के लिये उत्तर प्रदेश हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। सबसे अधिक सांसद और राज्य के तौर पर सबसे अधिक विधायक देने वाला यूपी इस समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तेजतर्रार राजनीति के कारण हिन्दुत्व की प्रयोगशाला बन गया है। बीजेपी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में योगी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया था।हालांकि इसके बाद 2024 के आम चुनाव में बीजेपी को यहां से करारा झटका भी लगा था,यूपी में 70 सीटें जीतने का दावा कर रही बीजेपी गठबंधन को मात्र 36 सीटों पर जीत हासिल हुई थी,जबकि समाजवादी पार्टी कांग्रेस गठबंधन को 42 एवं आजाद समाज पार्टी को एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी। इससे योगी की छवि पर काफी बुरा असर पड़ा। अखिलेश पिछड़ा,दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) का दम भरने लगे,परंतु विधान सभा के उपचुनाव में योगी फिर से मुखर होकर उभरे उन्होंने समाजवादी पार्टी को पूरी तरह से चित कर दिया। इसके बाद अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में भी बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए की हवा निकाल दी। मिल्कीपुर के मतदाताओं ने जाति बिरादरी से ऊपर बीजेपी को वोट किया। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव 2024 के बाद यूपी की सियासत में काफी बदलाव आ चुका है। उस पर महाकुंभ सोने पर सुहागा साबित हुआ,जहां जातपात से ऊपर उठकर 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। पूरा प्रदेश ही नहीं देश भी हिन्दू मय हो गया। इन बदलावों के बाद अब योगी कैबिनेट में भी बदलाव की चर्चा हो रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि नवरात्रि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कैबिनेट में बदलाव कर सकते हैं। वहीं यूपी में बीजेपी अध्यक्ष के नाम की घोषणा के साथ संगठन में भी फेरबदल हो सकता है।इस बात के कयास तब से लगना शुरू हुए जब दिल्ली में प्रधानमंत्री से योगी की मुलाकात हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 09 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी. इस दौरान सीएम योगी ने पीएम से अप्रैल में जेवर एयरपोर्ट के लिए उद्घाटन का समय मांगा, लेकिन दोनों ही नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक चली मुलाकात के बाद यूपी मंत्रिमंडल विस्तार से लेकर संगठनात्मक बदलाव तक के कयास लगाए जाने लगे हैं. बता दें महाकुंभ आयोजन के बाद सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली आए थे. प्रधानमंत्री से मुलाकात से एक दिन पूर्व सीएम योगी ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी।

बता दें यूपी में बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर लम्बे समय से मंथन चल रहा है,वहीं योगी कैबिनेट में 6 मंत्री पद भी खाली हैं. ऐसे में जेपी नड्डा और पीएम मोदी से सीएम योगी की मुलाकात को सरकार और संगठन में बदलावों पर सहमति बनाने के रूप में देखा जा रहा है. होली के बाद बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलना तय है, लेकिन सवाल यह उठता है कि योगी सरकार में भी फेरबदल होगा।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भले ही अभी दो साल बाकी हो, लेकिन हर समय चुनाव के लिये तैयार रहने वाली बीजेपी ने अभी से 2027 के यूपी विधान सभा चुनाव के लिये सियासी बिसात बिछाना शुरू कर दी है। बीजेपी के सामने चुनौती विपक्ष इंडिया गठबंधन, खासकर सपा के पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए पॉलिटिक्स की है. 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा के पीडीए पॉलिटिक्स की नैया पर सवार अखिलेश यादव ने बीजेपी को यूपी में तगड़ा झटका दिया. बीजेपी का सवर्ण—पिछड़ा—दलित वोट बैंक वाला समीकरण कमजोर हुआ तो प्रदेश का राजनीतिक दृश्य ही बदल गया था।

हालांकि, विधानसभा उपचुनाव आते—आते सीएम योगी के नेतृत्व में बीजेपी ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी को चारो खाने चित कर दिया था,तभी सीएम योगी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्होंने यूपी चुनाव 2027 की रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। इसको लेकर लगातार बीजेपी जमीन पर काम करती दिख रही है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद माना जा रहा है कि नवरात्रों में योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल में बड़ा बदलाव कर सकते हैं. 2024 लोकसभा चुनाव के बाद से लगातार योगी सरकार में बदलाव की संभावना जताई जा रही है. योगी सरकार में मंत्री रहे जितिन प्रसाद ने लोकसभा सांसद बनने के बाद इस्तीफा दे दिया था. बीजेपी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की जगह नए अध्यक्ष का चुनाव होना है. ऐसे में भूपेंद्र चौधरी की योगी कैबिनेट में वापसी हो सकती है, क्योंकि संगठन की बागडोर संभालने से पहले मंत्री रहे हैं।

बता दें योगी सरकार में फिलहाल 54 मंत्री हैं जबकि अधिकतम 60 मंत्री हो सकते हैं. इस तरह यूपी सरकार में 6 मंत्री पद खाली हैं. इस तरह से योगी मंत्रिमंडल का विस्तार काफी दिनों से प्रस्तावित है. इसके अलावा योगी सरकार ने पिछले दिनों में अपने कई मंत्रियों के कार्य और जमीन पर उनके असर की समीक्षा की थी. इस आधार पर योगी मंत्रिमंडल में बदलाव की संभावना जताई जा रही है।

माना जा रहा है कि नवरात्रि में योगी मंत्रिमंडल में बड़ा बदलाव हो सकता है। योगी मंत्रिमंडल विस्तार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण समझा जा रहा है. बीजेपी कैबिनेट विस्तार के जरिए अपनी रणनीति को अमली जामा पहना सकती है. बात सपा की कि जाये तो समाजवादी पार्टी जिस तरह पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का जिताऊ फॉर्मूला तैयार कर रही है, उसे मंत्रिमंडल के चेहरों से काउंटर करने की रणनीति पर विचार किया जा रहा है. इसके अलावा जमीन पर पकड़ रखने वाले नेताओं को योगी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है. इसके जरिए कार्यकर्ताओं को एक बड़ा संदेश देने की रणनीति है.

उत्तर प्रदेश में जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष का भी ऐलान हो सकता है। बीजेपी के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया प्रदेश में चल रही है. मंडल अध्यक्षों के बाद अब जिला अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करने में पार्टी जुटी हुई है. जिला अध्यक्ष की सूची में कुछ पेंच की वजह से अभी तक जारी नहीं की जा सकी है. ऐसे में सीएम योगी ने बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ संगठन के बदलाव पर चर्चा कर सहमति बनाने का फार्मूला निकाला होगा.

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की जगह पार्टी की कमान कौन संभालेगा, इसे लेकर भी कई नामों पर कयास लगाए जा रहे हैं. बीजेपी के लिए यूपी काफी अहम है. इसलिए, अध्यक्ष के चुनाव में कई चीजों का ध्यान रखा जा रहा है. 2022 में जब भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तो उनकी सीएम योगी से ट्यूनिंग का ख्याल रखा गया था. अब नए प्रदेश अध्यक्ष में भी इस बात का ख्याल रखा जाना तय माना जा रहा है. माना जा रहा है कि होली के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है. इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के वर्ष 2027 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव की दिशा और दशा का भी निर्धारण हो जाएगा.

बीजेपी संगठन में फेरबदल कर विपक्षी सपा के पीडीए समीकरण को ध्वस्त करने की पूरी रणनीति पर काम किया जा रहा है. बीजेपी के संगठन में जिला स्तर पर भी पिछड़ा और दलित वर्ग को विशेष तरजीह दी जा रही है. बीजेपी यादव जाति के नेताओं को भी संगठन में जिम्मेदारी दे रही है. लोकसभा चुनाव में सपा पीडीए को साधने के फेर में एक बड़े वर्ग को छोड़ती दिखी थी, लेकिन बीजेपी 80 फीसदी वोटों को साधने की रणनीति पर काम कर रही है.

यूपी संगठन बीजेपी की रणनीति तमाम जातियों को जगह देकर जमीनी स्तर पर सामाजिक समीकरण को साधने की है. सीएम योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि यूपी में लड़ाई 80—20 की होने वाली है. मतलब समझाते हुए वे कहते हैं कि बीजेपी 80 फीसदी भाग पर कब्जा जमाएगी और अन्य दलों के पाले में महज 20 फीसदी सीटें आने वाली हैं. इस तरह बीजेपी की नजर 2027 में सत्ता की हैट्रिक लगाने की है, जिसके लिए ही सियासी ताना बाना बुना जाने लगा है. ऐसे में कैबिनेट विस्तार से लेकर संगठन में बदलाव कर एक मजबूत सियासी आधार तैयार करने की रणनीति है?

# भारतीय टीम ने लिखी जीत की नई इबारत

—आदर्श प्रकाश सिंह—



12 साल बाद चौम्पियंस ट्राफी में भारत की विजय ने क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। 2017 में पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को हरा दिया था। इससे पहले 2013 में भारत ने यह खिताबी मुकाबला जीता था। तब धोनी की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में हराया था। 2002 में भारत और श्रीलंका संयुक्त विजेता बने थे। इस तरह भारत ने रविवार को तीसरी बार आईसीसी की यह ट्राफी अपने नाम की है। इस विजय से विश्व कप. 2023 में अपने ही घर में ऑस्ट्रेलिया से मिली पराजय का गम भी कम हो गया है। भारत ने बिना कोई मैच हारे सभी मैच में जीत दर्ज की है। सेमी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा कर उसका दंभ भी हमने तोड़ दिया जो उसकी टीम ने विश्व कप के फाइनल में अहमदाबाद में दिखाया था। कंगारू टीम का मानमर्दन करके पूरी टीम इंडिया ने कमाल का प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच का रोमांच तो सिर चढ़ कर बोलता है। और, इस बार भी हमारी टीम ने उसे हराकर अच्छा सबक सिखाया है।

वैसे तो पिछला चौम्पियन होने के नाते पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान था लेकिन भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले। चूंकि सुरक्षा कारणों से भारत ने पाकिस्तान में जाकर मैच खेलने से इनकार कर दिया था, इसलिए एक समझौते के तहत भारतीय टीम ने अपने मैच दुबई में खेलना स्वीकार किया। पाकिस्तान की दिली इच्छा थी कि भारत की टीम उसके देश में आए। उसने तर्क दिया कि हम विश्व कप के मैच खेलने 2023 में भारत गए थे तो भारत को पाकिस्तान आने में क्या दिक्कत है? मगर, भारत सरकार ने अपनी टीम को वहां जाने की अनुमति नहीं दी। दरअसल, पाकिस्तान हमेशा आतंकी हमलों का शिकार होता रहा है। लगभग दस साल तक उसके यहां कोई विदेशी टीम खेलने नहीं गई। फिर भारत को लेकर तो वहां ज्यादा ही कटुता है। इन्हीं कारणों से भारत ने वहां जाने से इनकार कर दिया।

दुबई में पहले भी भारत खेल चुका है। वहां दर्शकों का भरपूर समर्थन टीम इंडिया को मिलता है। कोविड के समय अरब देश में आईपीएल का आयोजन भी हो चुका है। तटस्थ देश के रूप में भारत और पाकिस्तान के लिए यह मुफीद जगह है। मगर, दुबई के स्टेडियम में इस बार स्पिन गेंदबाजी ने बल्लेबाजों को नचा दिया। भारतीय टीम में जब पांच स्पिन गेंदबाजों को चुना गया तो लोग हैरान थे। पिच का स्वभाव देख कर ही भारत ने शुरू के दो मैचों के बाद अपने एकादश में चार स्पिनर रख लिये। यह निर्णय तुरुप का इक्का साबित हुआ। न्यूजीलैंड के खिलाफ लीग मैच में वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर इस निर्णय को सही साबित कर दिया। भारत की स्पिन चौकड़ी अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वरुण ने विपक्षी टीमों के इर्द गिर्द ऐसा जाल बुन दिया जिसमें वे फंसते चले गए।

आमतौर पर 50 ओवर के मैच में चार स्पिनर नहीं खिलाए जाते हैं। लेकिन भारत का प्रयोग बेहद सफल रहा। फाइनल मैच में भी कुलदीप ने रचिन रवींद्र और विलियमसन को जल्द आउट करके न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। अगर ये दोनों टिक जाते तो बड़ा स्कोर बना लेते, फिर भारत के सामने कठिन चुनौती पेश हो जाती। वरुण ने तीन मैचों में 9 विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। वहीं, अक्षर पटेल ने आलराउंडर की भूमिका में खुद को फिट कर लिया है। बल्लेबाजी क्रम में अक्षर को ऊपर भेजने का बहुत लाभ मिला। उसका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। मध्य क्रम में श्रेयस अय्यर ने प्रभावशाली प्रदर्शन करके टीम को मजबूती दी। शुभमन गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ तो विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाया। केएल राहुल की नाकामी से सभी चिंतित थे, पर सेमी फाइनल और फाइनल मैच के दौरान उसे यह दाग धो दिया। हार्दिक पांड्या ने बड़े शाट लगाकर लक्ष्य को आसान बना दिया। इस तरह सभी के योगदान से यह जीत मिली है। किसी एक खिलाड़ी को इसका श्रेय देना उचित नहीं होगा।


फाइनल मुकाबले में 252 रन का लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था पर, न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी शानदार फील्डिंग से इसे मुश्किल बना दिया। भारत को कुछ विकेट फालतू में गंवाने पड़े वर्ना आसानी से जीत मिल जाती। क्रिकेट के खेल में कब क्या हो जाए कोई नहीं जानता। कप्तान रोहित और गिल के बीच सौ रन की ओपनिंग साझेदारी के बाद हालात कैसे बदल गए यह हम सबने देखा। श्चेज मास्टरश कहे जाने वाले विराट कोहली एक रन बना कर चलते बने। न्यूजीलैंड की टीम ने चुस्त क्षेत्ररक्षण से भारत को रनो के लिए तरसा दिया। यह वही टीम है जिसने वर्ष 2000 की चौम्पियन ट्राफी के फाइनल में भारत को पराजित कर दिया था। तब इसका आयोजन केन्या में हुआ था।

कप्तान रोहित शर्मा ने लगातार दो आईसीसी ट्राफी जीत कर आलोचकों को जवाब दे दिया है। आपको बता दें कि पिछले साल जून में उनकी टीम ने देश को टी.20 विश्व कप दिलाया था। दुबई में यह अफवाह भी उड़ी कि रोहित वनडे प्रारूप से संन्यास लेने जा रहे हैं। मगर, उन्होंने खुद इसका खंडन कर दिया। उम्मीद करनी चाहिए कि विश्व कप.2027 तक वह भारत की ओर से खेलते रहेंगे। आस्ट्रेलिया में बार्डर.गावसकर ट्राफी के दौरान टेस्ट मैचों में बेहद खराब प्रदर्शन के कारण रोहित पर सवाल उठे थे। मगर, इस जीत ने उस पर पर्दा डाल दिया है।

पूरी टीम एकजुट होकर खेली तभी इतनी बड़ी कामयाबी मिली है। आज पूरा देश गर्व कर रहा है। टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए भी यह 'विराट विजय' राहत पहुंचाने वाली है। पिछले साल न्यूजीलैंड से घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलिया में मिली करारी पराजय के बाद गंभीर की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे थे। अगली चुनौती इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज है। आईपीएल के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड जाना है। देखना होगा कि वहां भारत का प्रदर्शन कैसा रहता है।

# स्त्री सशक्तिकरण के सौ वर्ष

—मनोज कुमार —



स्त्री सशक्तिकरण के सौ साल गुजर चुके हैं और आज भी समाज उन्हें सशक्त बनाने की कोशिश में है। एक ओर समाज कहता है कि आधी दुनिया उनकी लेकिन आधी तो क्या खुले मन से एक टुकड़ा भी देने को राजी नहीं है। यकीन ना हो तो देख लीजिए कि स्त्री संसार को रंगों में बांट दिया गया है, वह भी एक कलर में। पिंक कलर यानी स्त्री संसार और शेष पर कब्जा रहेगा हमारा। सवाल यह है कि क्यों एक रंग उन्हे दे रहे हैं। उनका भी सब रंगों पर अधिकार है लेकिन पुरुषवादी मानसिकता इससे बाहर आने नहीं देगी। सुनीता विलियम भले ही अंतरिक्ष छू आए या कि पीटी उषा खेल में परचम लहरा ले, आर्थिक मामलों में पुरुषों को पीछे धकेल कर आगे बढ़ जाए या शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी दखल हो, उन्हें नोटिस नहीं लिया जाएगा। उन्हें बस समाज एक मिसाल के तौर पेश करेगा लेकिन कभी ये कोशिश नहीं होगी कि समाज में आज के दौर की आइकन सुनीता, पी टी उषा, सुधा मूर्ति बना सके।

**आज हम जिस दौर में हैं वहां ना स्वर्णकालिक इतिहास है और ना भविष्य रचने वाली कोई पीढ़ी। हैरानी है कि हर गली कूचे में स्त्री विमर्श हो रहा है लेकिन स्त्रियों के हक में क्या सुधार आया, यह कुछ दिखता नहीं है। अखबारों के पन्ने पलटते ही कलेजा मुंह में आ जाता है जब नवजात बच्चियों के साथ वीभत्स व्यवहार किया जाता है। हर घटना के बाद हम भूल जाते हैं कि इन नासुरों से निपटने की जवाबदारी हम सबकी है। कुछ कोशिशें हो रही होगी लेकिन यह सब नाकाफी है। बेटियों को सशक्त बनाने के लिए हमारे पास एक उपाय है, उन्हें सम्मानित कर दो। यह भी ठीक माना जा सकता है लेकिन उन्हें चुनकर जवाबदेही सौंपे तब बात कुछ बने।**


लोकमाता देवी अहिल्या के बारे में सोचना भी बेमानी है, सावित्री बाई फूले, सरोजनी नायडू और पंडित विजय लक्ष्मी जी की याद ही नई पीढ़ी को नहीं है। दुनिया में शासन का डंका बजाने वाली इंदिरा गांधी इसलिए याद है क्योंकि उन्होंने इमर्जेंसी थोपा था लेकिन लोग भूल गए कि इसके लिए उन्होंने सार्वजनिक माफी भी मांगी थी। मृदुभाषी सुषमा स्वराज हों या पंद्रह साल दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित राजनीतिक कारणों से स्मरण में हैं। हालांकि इनमें से किसी एक नाम को एक रंग की जरूरत नहीं थी बल्कि अपने कौशल से उन्होंने रंगों का संसार सजा दिया था।

आज हम जिस दौर में हैं वहां ना स्वर्णकालिक इतिहास है और ना भविष्य रचने वाली कोई पीढ़ी। हैरानी है कि हर गली कूचे में स्त्री विमर्श हो रहा है लेकिन स्त्रियों के हक में क्या सुधार आया, यह कुछ दिखता नहीं है। अखबारों के पन्ने पलटते ही कलेजा मुंह में आ जाता है जब नवजात बच्चियों के साथ वीभत्स व्यवहार किया जाता है। हर घटना के बाद हम भूल जाते हैं कि इन नासुरों से निपटने की जवाबदारी हम सबकी है। कुछ कोशिशें हो रही होगी लेकिन यह सब नाकाफी है। बेटियों को सशक्त बनाने के लिए हमारे पास एक उपाय है, उन्हें सम्मानित कर दो। यह भी ठीक माना जा सकता है लेकिन उन्हें चुनकर जवाबदेही सौंपे तब बात कुछ बने।

देवी अहिल्या लोकमाता ऐसी ही नहीं बनीं। समाज और खासतौर पर स्त्री को सशक्त बनाने के उनके प्रयासों ने उन्हें लोकमाता का दर्ज दिया। अनेक अपमान सह कर स्त्री शिक्षा के लिए खड़ी होने वाली सावित्री देवी फुले का स्मरण करते हैं। इन्होंने अपने कार्यों से समाज में इंद्र धनुष तान दिया। एक स्त्री की शक्ति अपार है और इसलिए एक दिन उनके नाम करने से कोई भला नहीं होगा। पुरुषवादी सोच को सम्मान देने का दिखावा करना होता है तो कभी स्त्री को दुर्गा, तो कभी लक्ष्मी तो कभी सरस्वती बता कर वाहवाही लूट लेता है। सवाल यह है कि जा स्त्री लांछित होती है, अन्याय का शिकार होती है तब पुरुष समाज कहां खड़ा होता है।

रील और सोशल मीडिया में उलझी नई पीढ़ी को रंगों में उलझाने के बजाय इतिहास से अवगत कराया जाए। प्राथमिक शिक्षा में हमारे समाज की महान स्त्री विभूतियों को पढ़ाया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में इन पर ही केंद्रित कार्यकम का निर्माण हो। बच्चों को आपस में समानता का भाव उत्पन्न किया जाए ताकि आगे कभी समाज स्त्री संसार को रंगों में ना बांट सके और स्त्री विमर्श के स्थान पर पुरुष विमर्श हो। यह बात जान लेना चाहिए कि आधा आसमान नहीं, पूरी सतरंगी दुनिया उनकी है और रहेगी।

# अयोध्या से लौट रही नवविवाहिता की मौत, 10 दिन पहले हुई शादी, पति–पिता समेत 4 घायल



संवाददाता–गोण्डा। नवाबगंज में कटरा भोग चंद मार्ग पर कोल्हमपुर मंदिर के निकट सोमवार की सुबह करीब आठ बजे गैस सिलेंडर लदा ट्रक व कार की आमने–सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई टकरा गई। हादसे धानेपुर इलाके की कार सवार नवविवाहिता की मौत हो गई जबकि पति, पिता व भाई सहित परिवार के चार लोग घायल हो गए हैं।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

जिले के धानेपुर थानाक्षेत्र के भरतगंज चौराहा के रहने वाले दिवाकर पाण्डेय के मुताबिक बीते एक मार्च को उनकी बेटी रागिनी पांडेय की शादी करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम बरदहा पोस्ट धनावा निवासी रवि तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी के साथ हुई थी। दो मार्च बेटी की विदाई कर दी गई थी। पहली होली के कारण बेटी ससुराल से मायके आ गई थी। घर परिवार में हंसी खुशी का माहौल था। रविवार को अयोध्या दर्शन करने के लिए वह अपने बेटी रागिनी, दामाद रवि तिवारी और बेटे निखिल पांडेय व अविरल पांडेय के साथ कार से गये हुए थे।

अयोध्या दर्शन करके सोमवार की सुबह लौट रहे थे। नबाबगंज थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में कटरा भोगचंद मार्ग पर स्थित माताजी के मंदिर पास कार पहुंची थी उनके कार की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में नवविवाहिता रागिनी की मौत हो गई जबकि रागिनी के पति रवि, पिता दिवाकर पांडेय व भाई निखिल व अविरल घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायन सिंह ने बताया की शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। गैस सिलेण्डर लदा ट्रक पुलिस के कब्जे में है। तहरीर मिलने पर चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मातृ–शिशु स्वास्थ्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



संवाददाता–बहराइच। बहराइच में आयोजित महोत्सव के दौरान सोमवार को विशेष आशा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, टीकाकरण और नवजात शिशु देखभाल में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। तीन श्रेष्ठ आशा संगिनियों – बलहा ब्लॉक की संजू वर्मा, पखरपुर की हेमवती सिंह और तेजवापुर की अर्चना देवी को विशेष सम्मान मिला। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें जिला स्वास्थ्य एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मो. राशिद समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के प्रयासों से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। संस्थागत प्रसव और नवजात देखभाल की बेहतर सुविधाओं से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है।

कार्यक्रम में बलहा खंड विकास अधिकारी संदीप तिवारी और जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय भी मौजूद रहे। मंथन कल्चर सोसायटी, गोंडा की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया।

# रंगभरी एकादशी से अयोध्या में प्रारंभ हुआ होली उत्सव



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या। श्रीरामनगरी अयोध्या में फागुन शुक्ल पक्ष की रंगभरी एकादशी पर सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के शाही निशान के साथ होली नागा संतो ने होली खेलकर होली की शुरुआत कर दी। आज से अयोध्या में 1 सप्ताह तक होली उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुबह लगभग 9 बजे सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से हनुमान जी का निशान की पूजा अर्चना कर सिद्ध निशान को अयोध्या की सडकों पर निकाला गया और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले प्रत्येक मंदिरों में होली खेलते हुए सरयू स्नान के बाद इस उत्सव का समापन होगा।साधु संतों की टोली ने हनुमान जी के निशान की पूजा अर्चना हनुमानगढ़ी में किया और रंग गुलाल और अबीर से जमकर होली खेलते हुए हनुमानगढ़ी से निशान के साथ शोभायात्रा के रूप में संतों की टोली रामनगरी का भ्रमण करने निकली और मठ–मंदिरों में जाकर होली खेलने का निमंत्रण देती है। स्वर्ण, रजत एवं लौहदंड के साथ हनुमानजी का निशान कंधे पर ले भांति–भांति के वाद्य की धुन पर गीत गाते एवं अबीर–गुलाल की वर्षा करते युवा नागा साधु आगे बढ़ते हुए चुनिंदा मंदिरों से होती हुई रंगोत्सव की यात्रा अयोध्या नगरी के पंचकोसी परिक्रमा के साथ पूरी रामनगरी को उत्सव के आगोश में खींच लाती है। अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष धर्म सम्राट महंत ज्ञान दास महाराज ने बताया कि रंगभरी एकादशी के दिन हनुमानगढ़ी के संत हनुमान जी के निशान के साथ देवताओं को होली खेलने के लिए आमंत्रित करते हैं।

संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत ज्ञान दास जी महाराज के शिष्य संजय दास महाराज ने बताया कि आज से अयोध्या के मंदिरों में होली उत्सव प्रारंभ हो जाता है अयोध्या के नागा साधु हनुमान जी का निशान लेकर के पंचकोसी मार्ग में पढ़ने वाले सभी मंदिरों में संतो को होली खेलने के लिए आमंत्रित करते हैं, और आज से एक सप्ताह तक अवध में होली खेली जाती है।सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी के गद्दी नशीन महंत प्रेम दास जी महाराज के शिष्य महंत डॉ महेश दास जी महाराज ने बताया इस बार की होली अलौकिक और अद्वितीय है क्योंकि भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण प्रारंभ हो गया है। क्योंकि हनुमान जी महाराज प्रभु श्रीराम के सेवक हैं और अयोध्या के राजा भी हैं इसलिए रंगभरी एकादशी से अयोध्या में होली का आगाज होता हैं और जब भक्तों के भगवान का श्री राम लला अपने जन्म स्थान पर विराजमान हो गए हैं दर्शन देकर सबको सुख पहुंच रहे है, तो ऐसे में हम अयोध्या वासी राम जी के साथ हनुमान जी के अनन्य भक्त हैं हम लोगों की खुशी और ही दुगनी हो गई है और इस बार की होली ऐतिहासिक अलौकिक होगी। इस दौरान पुजारी हेमंत दास, पुजारी रमेश दास, शिवम श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या में नागा संत विराजमान थे और सभी ने निशान के साथ पंचकोसी परिक्रमा की और मंदिरों में होली खेली।

# प्रधान और बीडीसी सदस्यों ने अबीर गुलाल लगा होली की दी बधाई

संवाददाता–कुशीनगर। मोतीचक ब्लॉक परिसर में प्रमुख अर्चना सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही रहे। समारोह में प्रधान व बीडीसी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। ब्लॉक परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए जयप्रकाश शाही ने कहा कि होली पर्व भाईचारा व समरसता का त्योहार है। इसमें सारे गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाने की जरूरत है। पूर्व विधायक पवन केडिया ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम व सद्भाव का प्रतीक है। हमें खुशी है कि यहां पर सभी समुदाय के लोग कार्यक्रम में शिरकत किए हैं। होली मिलन समारोह में आए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि मोतीचक संदीप कुमार सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। इसे आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ सभी की भावनाओं को ध्यान में रखकर मिलजुलकर मनाएं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अरुण पांडेय ने किया। इस दौरान भाजपा महामंत्री राणा प्रताप राव, भाजपा नेता बाबू नन्दन सिंह, राम बच्चन सिंह, प्रधान संघ उपाध्यक्ष मोतीचक व प्रधान अकमल हुसैन, भाजपा नेता रामू राव, कुंवर आकाश सिंह, व्यास सिंह, प्रवीण सिंह बंडिल बाबा, राबिन सिंह, अलाउद्दीन, राहुल सिंह, अरूण पांडेय, भागवत चौहान मुन्ना अंसारी, राजकुमार सिंह, विनय कुमार, नंदू दीक्षित, उग्रसेन राव, रणधीर उर्फ बुल्लू बाबू, मनोज सिंह, वीरेंद्र साहनी, ईरेंज, श्रीराम मद्धेशिया, संतोष सिंह, अनिल दुबे सहित तमाम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# समय से नहीं खुलता है टिकट काउंटर, सांसत में रेल यात्री



संवाददाता–महराजगंज। नौतनवा रेलवे स्टेशन से सुबह 6.05 पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंच रहे यात्रियों को काफी जोखिम उठाना पड़ रहा है। आरक्षण केंद्र में बनाए गए दो काउंटर में सिर्फ एक खिड़की चलती है। वह भी ट्रेन आने से कुछ ही मिनट पहले खोली जाती है। इससे अधिकतर यात्री ट्रेन पकड़ने के चक्कर में भागते नजर आते हैं। ट्रेन मिलती भी है तो बिना टिकट के यात्रा करने पर विवश हो जाते हैं।

इस पैसेंजर ट्रेन से ग्रामीण क्षेत्रों व नेपाल से लोग अपने आवश्यक कार्यों, दवा और व्यपारिक जरूरतों के लिए बड़ी संख्या में गोरखपुर जाते हैं। बड़ी संख्या में लोग गोरखपुर से ट्रेन पड़कर दूसरे शहर जाने के लिए भी इस ट्रेन से यात्रा करते हैं। ट्रेन से यात्रा के लिए पहुंचे जनार्दन वर्मा, अजय, तजेंद्र पाल, विजय श्रीवास्तव, जावेद अहमद आदि ने बताया कि 5.40 बजे तक टिकट काउंटर पर कोई भी टिकट काटने वाला मौजूद नहीं था। जबकि टिकट खिड़की के बाहर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ लग चुकी थी। टिकट काउंटर 5.40 बजे पर यदि खोल भी दिया गया तो इतनी बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए यात्रियों को टिकट दे पाना संभव नहीं है। मजबूरन बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन छोड़ दे रहे हैं या जोखिम लेकर बिना टिकट के यात्रा करने को बेवश हो जा रहे हैं।

इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक जफरे आलम ने बताया कि टिकट काउंटर पर प्राइवेट कर्मचारी है। यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए उसे चेतावनी दी गई है। अगर दोबारा इस तरह का मामला सामने आया तो कड़ी विभागीय कार्रवाई होगी।

# होली से पहले नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी

संवाददाता–बलरामपुर। बलरामपुर में होली त्योहार को देखते हुए भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर 10 मार्च को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमावर्ती क्षेत्रों में पैदल गश्त किया। टीम ने सीमा से लगे गांवों में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की। सीमा पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, गौ तस्करी और अवैध कटान जैसी गतिविधियों को रोकने के लिए सतर्क हैं। पुलिस ने सीमावर्ती गांवों की ग्राम सुरक्षा समिति और प्रमुख नागरिकों से संपर्क किया है। उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा गया है। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। पुलिस और एसएसबी की टीम ने गांवों का दौरा कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# आबकारी विभाग ने की छापेमारी, अवैध शराब और लहन किया बरामद



संवाददाता–गोण्डा। होली के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ प्रशासन ने सख्त अभियान चलाया है। डीएम नेहा शर्मा के आदेश पर आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में आज नवाबगंज पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम दुर्गागंज माझा में छापा मारा।

छापेमारी के दौरान टीम ने 200 लीटर अवैध कच्ची शराब और 3000 किलोग्राम लहन बरामद किया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस मामले में दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

डीएम के निर्देशानुसार जिलेभर में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि त्योहार के दौरान अवैध शराब के सेवन से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रख रही हैं। ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। गोंडा डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि लगातार आबकारी विभाग को अवैध कच्ची शराब बनाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। लगातार पूरे जिले में आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई भी की जा रही है। नवाबगंज क्षेत्र में काफी शराब बनने की शिकायतें मिल रही थी।

# भगवान को अर्पित फूलों, मेथी और अनार के छिलकों से तैयार किया गुलाल, त्वचा को नहीं पहुंचेगा नुकसान



संवाददाता–बलरामपुर। जनपद में इस बार होली खास और सुरक्षित होगी। इस बार अधिसंख्य लोग होली में कैमिकल वाले अबीर गुलाल के बजाए शुद्ध प्राकृतिक गुलाल से लोग रंगों का पर्व मनाएंगे। इसके लिए जिले के नौ ब्लाकों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं तैयारी कर रही हैं। मंदिरों में चढ़े और वहां से निकलने वाले फूलों, चुकंदर व आरारोट आदि से गुलाल और अबीर तैयार किया जा रहा है। मंदिरों पर चढ़े फूलों से से बने अबीर– गुलाल की मांग भी खूब हो रही है।

होली का पर्व नजदीक है। ऐसे में बाजारों में तरह–तरह के रंग व गुलाल बिक रहे हैं। यह अबीर गुलाल त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ऐसे में बलरामपुर जनपद के विभिन्न ब्लाकों में कार्य कर रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक पहल की है। इन महिलाओं ने पिछले कई दिनों से जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों को इकट्ठा किया। इनको सुखाकर अब गुलाल बनाया जा रहा है। समूह में शामिल महिलाओं का कहना है कि हर्बल रंग एवं गुलाल बनाने के लिए फूल पत्तियों, बीजों और सब्जियों का उपयोग किया जाता है। लाल रंग के लिए चुकंदर को उबालकर या उसे सुखाकर पाउडर बना लिया जाता है। इसी तरह से गुलहड़ के फूल को सुखाकर तथा उसे बारीक पीसा जाता है। अनार के छिल्कों को पानी में उबालकर इससे लाल रंग हासिल किया जाता है। हल्दी बेसन व आटे को साथ मिलाकर सूखा रंग तैयार हो जाता है। स्वयं सहायता समूह में शामिल सरिता शुक्ला, अनीता यादव, पुष्पा व रमावती ने बताया कि गेंदा फूल को सुखाने के बाद उसे पीसकर व पानी में उबालकर एक घोल बनाया जाता है। पालक और मेथी की पत्तियों से बने पावडर को भी इस रंग में मिलाया जा रहा है। फूलों से बनकर तैयार हो रहे यह गुलाल लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। इसमें गजब की खुशबू आ रही है। बाजार में इसकी मांग भी तेजी से बढ़ रही है। उन लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

जिले के विभिन्न इलाकों से 200 महिलाएं यह हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं।यह महिलाएं मंदिरों में जाकर वहां चढ़ाए जाने वाले फूलों को एकत्र करके लाती हैं, जिसे सुखाने के बाद पूरी प्रक्रिया को अपनाती हैं। सदर विकास खंड के सिरसिया बहादुरपुर में लक्ष्मी समूह की रेखा 10 महिलाओं के साथ गुलाल को तैयार कर रही हैं। इसी तरह से गैसड़ी ब्लाक की नंदनी 11 महिलाओं के साथ फूलों से अबीर गुलाल तैयार करने में जुटी हुई हैं। इसके अलावा उतरौला, रेहरा बाजार, तुलसीपुर व शिवपुरा आदि क्षेत्रों में कार्यरत स्वयं सहायता समूह की 200 से अधिक महिलाएं इस कार्य में जुटी हुई हैं।

मंदिरों पर प्रतिदिन कुंतलों फूल चढ़ते हैं। यह फूल मंदिर से बाहर निकलने के बाद बर्बाद हो जाते हैं। ऐसे में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की यह पहल बेहद कारगर साबित हो रही है। एमएलके पीजी कॉलेज के सेवानिवृत्त मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ श्रीनिवास शुक्ल बताते हैं कि यह पहल बेहद सराहनीय है। इसे सरकार स्तर से बढ़ावा मिलना चाहिए। प्रतिदिन मंदिरों में फूलों की बड़े पैमाने पर बर्बादी होती है। अबीर गुलाल बनाने से न सिर्फ महिलाएं आत्म निर्भर होंगी, बल्कि इससे लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। साथ ही हर दिन चढ़ने वाले फूलों की बर्बादी भी नहीं होगी। इसी तरह से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हुकुम सिंह बताते हैं कि फूलों से तैयार हो रहे गुलाल से त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा।

# महोत्सव में दिखा कला का जलवा, विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने बांधा शमा




संवाददाता–बहराइच। सांस्कृतिक और पौराणिक विरासत को संजोने के लिए आयोजित बहराइच महोत्सव–2025 का दूसरा दिन कलात्मक प्रस्तुतियों से सजा रहा। गेदघर मैदान में स्थानीय कलाकारों और छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जिले के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने विविध कलाओं का प्रदर्शन किया। सरस्वती विद्या मंदिर, मानस इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज समेत कई संस्थानों के छात्रों ने लोक नृत्य, काव्यपाठ और पेंटिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। मेहंदी प्रतियोगिता, शिव तांडव, भजन, गजल, भरतनाट्यम, थारू नृत्य और योग नृत्य की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

कार्यक्रम में बृजेश पुष्कर और घनश्याम मिश्रा ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। जीआईसी की अनुष्का पांडेय ने बॉलीवुड गीत और बाल शिक्षा निकेतन की प्रतिमा जायसवाल ने भजन प्रस्तुत किए। फखरपुर की सरिता कश्यप के भजन और केडीसी के बजरंगी के थारू नृत्य ने विशेष समां बांधा। कन्या भूण हत्या पर आधारित गीत और रानी लक्ष्मीबाई पर केंद्रित नाट्य प्रस्तुति ने सामाजिक संदेश दिया। नायब तहसीलदार पी. पी. गिरि का भगवान शंकर पर भजन भी सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षक कवि संतोष सिंह और सोनी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, बलहा विधायक सरोज सोनकर, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी और सीडीओ मुकेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम के महंत बने अजीत दास



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या। रामनगरी की प्रतिष्ठित पीठ श्री हनुमानगढ़ी के सागरिया पट्टी के श्रीमहंत धर्म सम्राट ज्ञान दास जी महाराज के शिष्य बाबा अजीत दास को अमौलीपुर धाम जिला बस्ती के राम जानकी हनुमान मंदिर की महंताई समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम के वयोवृद्ध महंत जिनकी उम्र लगभग 97 वर्ष की है आज रामानन्दी परम्परा के अनुसाई महंत गुलाब दास जी महाराज ने मंदिर की राग भोग उत्सव समैया व मंदिर की देखरेख सम्पूर्ण दायित्व बाबा अजीत दास को सौप दिया। राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम में बकायदा महंताई समारोह का आयोजन रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित किया गया जिसमें रामनगरी अयोध्या के सभी संत महंत व विशिष्ट जनों समेत अमौलीपुर ग्राम के गणमान्य व राम जानकी हनुमान मंदिर के शिष्य परिकरों ने कंठी चद्दर देके महंत अजीत दास को राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम की गद्दी पर बैठाया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में कैसरगंज के लोकप्रिय नेता पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में हरैया विधानसभा के विधायक अजय सिंह ने भी महंत अजीत दास को तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। सोमवार को एक महंताई समारोह के दरम्यान अयोध्यानगरी के संत–महंतों ने साधुशाही परंपरानुसार उन्हें कंठी, चद्दर, तिलक देकर महंती की मान्यता की। साथ ही साथ महज्जरनामा पर हस्ताक्षर भी किया। बाबा अजीत दास के सेवा भाव व ईश्वर के प्रति उनकी आस्था को देखते हुए महान्त श्री गुलाब दास जी ने अपने साधक चेला बाबा अजीत दास के पक्ष में रजिस्टर्ड तकरूर सखराहकारी दस्तावेज लिखकर उक्त स्थान श्री राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम का महान्त व सरवराहध्कार नियुक्त कर दिया। महंत गुलाब दास जी ने रामानन्दीय वैरागी परमारा के अनुसार बाबा अजीत दास को कन्ठी, चादर व तिलक लगाकर गद्दी पर आसीन कर विधिवत महन्थ नियुक्त कर यह महज्जर नामा लिख दिया। जिसमें संतों व सद् गृहस्थों ने महंत अजीत दास को राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम का महंत एवं सर्वराहकार घाोषित किया। नवनियुक्त महंत अजीत दास ने कहा कि वह अपने समस्त दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करेंगे। साथ ही मंदिर की सम्पूर्ण सम्पत्तियों को अक्षुण्ण बनाए रखने का आजीवन सतत प्रयत्न करते रहेंगे। अंत में आए हुए संतों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत–सत्कार किया। आये हुए संतों का स्वागत श्रीमंत ज्ञान दास जी महाराज के उत्तराधिकारी संकट मोचन सेना अध्यक्ष महंत संजयदास के अगुवाई में वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने किया। महंताई समारोह में बावन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत वैदेही बल्लभ शरण, तीनों अनियों के पूर्व प्रधानमंत्री महंत माधव दास, हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन श्रीमहंत प्रेमदास जी महाराज के उत्तराधिकारी महंत डा महेश दास, तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरू परमहंसचार्य ,महंत संगम कुमार दास,महंत डा दिनेश पुरी हांसी धाम,महंत रामकरन दास,पत्थर मंदिर पीठाधीश्वर महंत मनीष दास, आचार्य पीठ श्री लक्ष्मणकिला के अधिकारी सूर्य प्रकाश शरण, करतलिया बाबा आश्रम के महंत बालयोगी रामदास, महंत छविराम दास बड़े हनुमान, अभिषेक दास,कल्लू दास, पहलवान मनीराम दास, उपेंद्र दास, विवेक दास, राजन दास, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय शुक्ला, राघवेंद्र मिश्रा, महंत संजयदास के निजी सचिव शिवम श्रीवास्तव, मुकेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# सात मवेशी बरामद, दो गिरफ्तार

संवाददाता–श्रावस्ती। कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह सोमवार को टीम के साथ भिनगा के दहाना तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सिरसिया भिनगा मार्ग पर एक पिकप तेजी से आती दिखी। पुलिस को सामने देख चालक वाहन को पीछे मोड़ने लगा। पुलिस को शक हुआ और घेराबंदी कर पिकप को पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो उसमें सात चोरी के मवेशी बरामद हुए।

पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान शरीफ उर्फ बब्लू पुत्र कुन्ने निवासी बनवारी थाना रामगांव जनपद बहराइच व मो. इमरान पुत्र मो. शाकिर निवासी ग्राम चांदपुरा थाना कोतवाली शहर जनपद बहराइच के रूप में हुई। वहीं एक आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी पहचान चांदे पुत्र इद्रीश निवासी ग्राम बगही थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# आशा व संगिनी को मिले सरकारी कर्मचारी का दर्जा

संवाददाता–श्रावस्ती। आशा व आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की ओर से सोमवार को इकौना में पैदल मार्च निकाला गया। साथ ही तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने समेत अन्य मांगे रखी गई। संगठन के जिलाध्यक्ष उमा मिश्रा की अगुवाई में आशा व आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इकौना तहसील पहुंचकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ओम प्रकास को सौंपा। मांग करते हुए कहा कि आशा व संगिनी लंम्बे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रयास कर रही हैं। बार बार पत्राचार करने के बाद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। कोविड जैसी महामारी में भी आशा व आशा संगिनी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अहम भूमिका निभाई। इसके बाद भी सरकार ध्यान नहीं दे रही हैं। कहा कि सभी आशा व आशा संगिनी को सरकारी कर्मचारी की दजा दिया जाय। सेवा नियमावली से आच्छादित करते हुए ईपीएफ की सुविधा प्रदान की जाय। आशा, आशा संगीनियों को 20 से 25 दिन के स्थान पर राज्य कर्मचारी की तरह 30 दिन का वेतन भुगतान किया जाय। सर्दी व गर्मी की अलग–अलग वर्दी दी जाय। सेवानिवृत्त होने पर सरकारी कर्मचारी की तरह पेंशन दिया जाय। इस मौके पर कुसुमावती, सुशीला, गौरी, पूनम शुक्ला, राधा चौहान, लज्जा देवी, सावित्री देवी, पूजा सिंह, मीना त्रिपाठी, संगीता तिवारी, कांति पाठक, माधुरी देवी, आरती देवी, सुमन आदि आशा व आशा संगिनी मौजूद रही।

# संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को मजनाई लेकर पहुंची एसटीएफ हरियाणा, घर में की गहन छानबीन



**संवाददाता–अयोध्या।** हरियाणा में हैंड ग्रेनेड के साथ पकड़े गए संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को लेकर हरियाणा एसटीएफ रविवार को उसके मजनाई स्थित घर पहुंची। इस दौरान उसे अकेले कमरे में ले जाया गया और छानबीन के बाद इनायतनगर थाने में उससे कई घंटे पूछताछ हुई। हालांकि इस मामले में जिले की पुलिस किसी भी जानकारी से इंकार कर रही है। इनायतनगर थाना क्षेत्र के मजनाई निवासी अबू बकर के पुत्र को हरियाणा एसटीएफ ने पलवल से गिरफ्तार किया था। उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड बरामद हुए थे, जिससे श्रीराम मंदिर पर हमले का दावा किया गया था। एसटीएफ ने पूर्व में संदिग्ध आतंकी के पिता अबू बकर व परिजनों से भी पूछताछ की थी। इस बीच रविवार की शाम करीब 04:30 बजे एसटीएफ की टीम सीओ मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी के साथ अचानक मजनाई पहुंची और सीधे अब्दुल के घर में गई। परिवार के अन्य लोगों को वहीं रोक दिया गया। अब्दुल के कमरे में जाकर छानबीन और जांच–पड़ताल के बाद एसटीएफ की टीम उसे लेकर बाहर निकली और उसके पिता अबू बकर को भी वाहन में बैठा लिया। इसके बाद वह इनायतनगर थाने पहुंचे और दोनों से पूछताछ की। माना जा रहा कि टीमों ने अब्दुल के लोकल नेटवर्क को लेकर पड़ताल की। आतंकियों से उसके कनेक्शन, उनसे बातचीत के आधार, फंडिंग, आतंक की ट्रेनिंग समेत अन्य के बारे में सुराग खंगाले गए। उसके पिता व परिजनों के फोन से मिली जानकारियों को भी साझा किया।

अब्दुल की मां यासमीन ने बताया कि पुलिस के लोग आए थे। अब्दुल को लेकर घर में घुसे थे और कुछ खोज रहे थे। उसके पिता को भी साथ ले गए हैं। घर से कोई सामान नहीं ले गए हैं। अचानक एसटीएफ व पुलिस फोर्स पहुंचने से मोहल्ले के लोग सहमे रहे। फोर्स के वापस जाने के बाद भी सन्नाटा पसरा रहा। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि एसटीएफ हरियाणा की टीम आई है। स्थानीय पुलिस उनके सहयोग में लगाई गई है। इस मामले का स्थानीय स्तर से कोई जुड़ाव नहीं मिला है, इसलिए अधिक जानकारी नहीं है।

# लेनदेन के विवाद में युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**संवाददाता–गोरखपुर।** राजघाट इलाके के अमरूद मंडी में किराए के मकान में युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि लेनदेन के विवाद में साथी मजदूर ने ही हत्या की है। हत्या के बाद आरोपित मजदूर बगल में ही सो गया। आरोपित पर केस दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान सिकरीगंज इलाके के दुधरा निवासी विजय अग्रहरि उर्फ डीएम के रूप में हुई है। मृतक के भाई योगेन्द्र अग्रहरी ने पुलिस को



बताया कि छोटा भाई डियम उर्फ विजय अग्रहरी (32) विगत 15 वर्षों से अमरुद मंडी चकरा अव्वल थाना राजघाट में विरेन्द्र निषाद पुत्र मोहन निषाद के मकान में रहता था। रविवार की रात करीब 10 बजे पता चला कि रात 9 बजे के आस पास छत पर सोने गया तो विजय कि उर्फ डियम की लाश छत पर उसके सोने वाले विस्तर पर मिली लाश के बगल में कुल्हाड़ी भी है। उन्होंने बताया कि विजय और रमेश निषाद निवासी डाकवा बाजार थान सिकरीगंज गोरखपुर दिन में मजदूरी के पैसे को लेकर विवाद किये थे। दिन में विजय ने रमेश को दी या तीन थप्पड़ मार दिया था। उसी खुन्नस में रात में रमेश ने हत्या कर दी।

# होली बाद शहर को मिलेगी 3 सौगात, सीएम योगी करेंगे लोकार्पण

**संवाददाता–गोरखपुर।** शहरवासियों को होली के बाद तीन बड़ी परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर, एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर और गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार है। सीएम योगी जल्द इनका लोकार्पण कर सकते हैं।

राज्य स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत गोरखपुर क्लब के सामने गोरखपुर नगर निगम का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वातानुकूलित नगरीय सेवा केंद्र बन कर तैयार हो गया है। यहां 2.49 करोड़ से सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का निर्माण किया गया है। यहां वरिष्ठ नागरिकों को दिनभर के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और सामाजिक माहौल मिलेगा।

सेंटर बुजुर्गों को विधिक सलाह, मनोरंजन, योग, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य गतिविधियों के लिए उपलब्ध होगी, ताकि वे अकेलापन महसूस न करें और सक्रिय रह सकें। 20 दिसंबर 2023 में इसका निर्माण शुरू हुआ था, जो अब पूरा हो गया है। पास में ही जोनल कार्यालय तीन बना है। यहां इस जोन के तहत आने वाले वार्डों के नागरिकों के जन्म–मृत्यु



प्रमाणपत्र, सड़क, पेजयल, सीवर, संपत्तिकर संबंधी समस्याओं का समाधान, नगर निगम की सभी सुविधाओं, योजनाओं की जानकारी प्रशिक्षित कर्मचारियों के जरिये उपलब्ध कराई जाएगी। यहां निगम के कार्यों की सूचना और सुविधा की जानकारी देने वाला काउंटर भी होगा।

गुलरिहा के अमवा में करीब 2.55 करोड़ रुपये की लागत से एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर (एबीसी) बनाया गया है। यह बनकर तैयार भी हो चुका है। संचालन की जिम्मेदारी चौरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी फॉर ह्यूमन काइंड एंड एनिमल को मिली है। यहां प्रतिदिन 41 कुत्तों की नसबंदी की योजना है। साथ ही यहां 30 कुत्ते रखे जाएंगे। इनके बेहतर ढंग से संचालन के लिए पशु कल्याण अधिकारी डॉ. रॉबिन चंद्रा शनिवार लखनऊ गाजियाबाद में एबीसी सेंटर की कार्यप्रणाली को समझने गए हैं।

चरगांवा में बने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस स्टेशन के शुरू हो जाने के बाद शहर के सभी वार्डों का कूड़ा घरों से एकत्रित कर कूड़ा पड़ाव घर पर न ले जाकर सीधे गारबेज स्टेशन पर ले जाया जाएगा। वर्तमान में लालडिग्गी पार्क क्षेत्र स्थित बसंतपुर में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन संचालित हो रहा है। यहां शहर के करीब 30 वार्डों का कूड़ा पहुंचता है। वहां उसे तौलने के बाद कंप्रेस मशीन की मदद से 15–15 टन के कैप्सूल के रूप में तैयार किया जाता है। फिर ट्रामल प्लांट में कूड़े का निस्तारण किया जाता है। गोरखपुर क्लब के सामने नगरीय सेवा केंद्र, गुलरिहा में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर और चरगांवा में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार है।

# राम मंदिर में अब प्रभु के दर्शन के साथ लीलाएं भी देख सकेंगे रामभक्त




**संवाददाता–अयोध्या।** राम मंदिर परिसर में अब सिर्फ रामलला के दर्शन ही नहीं होंगे बल्कि श्रद्धालु भगवान श्रीराम से संबंधित जो भी प्रसंग हैं, वह भी देख सकेंगे। भगवान राम के जन्म से लेकर लंका विजय तक की सारी लीलाएं अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से देख सकेंगे। राम मंदिर परिसर में एक वर्ष के अंदर रामकथा संग्रहालय यानी म्यूजियम भी बनकर तैयार हो जाएगा।

इस पर राम मंदिर भवन निर्माण समिति और राम मंदिर ट्रस्ट दोनों ने काम शुरू कर दिया है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को बताया कि म्यूजियम में कितनी गैलरी होगी, उसमें क्या रखा जाएगा, बैठक में यह सब तय कर लिया गया है। अब म्यूजियम में बनने वाली गैलरी और उसकी अलग–अलग स्क्रिप्ट इसके डायरेक्टर लिखेंगे।

नृपेंद्र ने बताया कि म्यूजियम के लिए कैडमिन नाम की कंपनी से समझौता किया गया है। कैडमिन कंपनी को पहले स्क्रिप्ट दी जाएगी। स्क्रिप्ट के अनुसार ही कंपनी तय करेगी कि कौन सी जगह पर वीडियो टेक्नोलॉजी इस्तेमाल होगी किन जगहों पर इमरशिप टेक्नोलॉजी इस्तेमाल होगी और कहां पर आर्टिफैक्ट डिस्प्ले होगा। इसके साथ ही कहां से किस जगह पर लाइटिंग होगी, यह सभी काम अगले दो महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। जब टेक्नोलॉजी तय हो जाएगी, उसके बाद तब गैलरी बनाने के लिए टेंडर किया जाएगा।

उम्मीद है कि छह महीने में गैलरी का निर्माण हो जाएगा। इस गैलरी में बिजली की क्या आवश्यकता होगी, रिफ्लेक्शन कैसे होंगे, वह भी पूरा कर लिया जाएगा। श्रद्धालुओं को देखने के लिए म्यूजियम एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा।

# रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर दो महिला लेखपाल सस्पेंड

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर रविवार को एसडीएम बांसी ने दो महिला लेखपालों को सस्पेंड कर दिया। साथ ही तहसीलदार बांसी को मामले की जांच सौंपी है। दोनों लेखपाल बांसी तहसील की हैं। इन पर काम के बदले एक व्यक्ति से रिश्वत लेने का आरोप है। एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय ने बताया कि रविवार की शाम महिला लेखपाल का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो में बांसी क्षेत्र संख्या 57 तेजगढ़ की लेखपाल निधि चौधरी व क्षेत्र संख्या 131 उदयपुर की लेखपाल उषा चौधरी दिख रही हैं। इनके सामने एक व्यक्ति कुछ रुपये गिनकर एक पत्रावली में रखा जा रहा है। साथ ही रुपये समेत उस पत्रावली को उस व्यक्ति से उषा चौधरी अपने हाथों में प्राप्त कर रही हैं। इससे स्पष्ट होता है कि उषा चौधरी उस धनराशि को उत्कोच के रूप में ली गई है। उनका यह कृत्य उप्र सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के प्रविधानों के सर्वथा विरुद्ध है एवं अत्यंत आपत्तिजनक है। वहीं वीडियो में यह दिख रहा है कि किसी व्यक्ति से लेखपाल उषा चौधरी कुछ धनराशि प्राप्त कर रही हैं और लेखपाल निधि चौधरी मौके पर उषा चौधरी के साथ उपस्थित होकर पूरे प्रकरण को पास से देख भी रही हैं।

# स्पाइस जेट के विमान में खराबी से सात विमानों के 2200 यात्री फंसे

**संवाददाता–गोरखपुर।** दिल्ली से गोरखपुर पहुंची स्पाइस जेट की फ्लाइट में खराबी आ जाने से रविवार को उतरने वाले छह विमानों के 900 से ज्यादा यात्री तीन घंटे या उससे ज्यादा समय तक फ्लाइट में ही फंसे रहे। उधर, इन्हीं विमानों से वापस दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, बेंगलुरु और कोलकाता जाने वाले करीब 1100 यात्रियों का चेकइन एरिया में घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं दिल्ली जाने वाले स्पाइस जेट के 200 यात्रियों को मजबूरन लौटना पड़ा। करीब चार घंटे तक विमानों का संचलन बुरी तरह से प्रभावित रहा। कोई सटीक जानकारी न मिलने से यात्रियों ने जमकर हंगामा करते हुए एयरपोर्ट प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। शाम सवा सात बजे के बाद एक–एक कर लैंड हुईं फ्लाइट में से अकासा को छोड़कर बाकी रात आठ बजे के बाद गोरखपुर से उड़ानें भर सकीं।

दिल्ली से आने वाली स्पाइज जेट का विमान एसजी 139 करीब अपराह्न 2 बजे लैंड तो कर गया लेकिन ढाई बजे जब उड़ने को तैयार हुआ तो अचानक उसमें कोई खराबी आ गई। काफी प्रयास के बाद भी वह ठीक नहीं हो सका। कोई अन्य विकल्प न होने की वजह से कंपनी ने स्पाइस जेट से जहाज हटाने के लिए मदद मांगी। इसकी मंजूरी मिलने में करीब तीन घंटे लग गए, लेकिन खराबी दूर न होने से उसे निरस्त करना पड़ा। इस वजह से दिल्ली जाने वाले 200 यात्रियों को मजबूरन एयरपोर्ट से लौटना पड़ा।

इस बीच इंडिगो, अकासा, एलायंस एयर की दिल्ली, मुम्बई और कोलकाता की छह फ्लाइट एक–एक कर लैंड कर गईं लेकिन स्पाइस जेट का विमान न हटने से लैंड करने वाले विमानों के कोलकाता और दिल्ली से आने वाले 900 से ज्यादा यात्री तीन घंटे तक फ्लाइट में ही फंसे रहे। उनके विमान रनवे और टैक्सी वे एरिया में जहां–तहां खड़े रहे। इनमें से बेंगलुरु से आकर 6 बजे एयरपोर्ट पर लैंड करने वाली अकासा की फ्लाइट के यात्री रात 10 बजे के बाद तक विमान में ही फंसे रहे।

इतने ही यात्री चेकइन एरिया में प्रतीक्षारत रहे। इसे लेकर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया।

**अदालती नोटिस**

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
अदालत– श्रीमान अष्ट्म अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0 995/1996
अहमद अली
बनाम
श्रीमती सितारा बेगम
1/1 सरफराज आलम उम्र 35 साल
1/2 मेराज आलम उम्र 32 साल
1/3 आजाद आलम उम्र 30 साल
1/4 दिलशाद आलम उम्र 28 साल
पुत्रगण ऐनुलहक साकिन खुशहालगंज तप्पा दुबौलिया परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 29–03–2025**
हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।
लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 29 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश
(आर्डर 9 कायदा 9) (2)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0–70/2022
केवलपाती
बनाम
रामबुझारत
1. राम बुझारत पुत्र रामचरन साकिन भादीखुर्द तप्पा पड़िया परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 19–04–2025**
हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।
लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 19 माह 04 सन 2025 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 10 माह 03 सन 2025 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश
(आर्डर 9 कायदा 9) (2)
अदालत– श्रीमान अष्ट्म अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
इजरावाद सं0–03/2020
धनपत्ता आदि
बनाम
हरिश्चन्द्र आदि
1. पूजन पुत्र कल्पू –प्रतिवादी प्रथम वर्ग
2. सुरेमन सिंह 3. भूवर सिंह 4. हरिहर सिंह पुत्रगण राम कुमार सिंह –प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग
5. हरिश्चन्द्र 6. रामचन्द्र 7. रामभवन पुत्रगण स्व0 पूजन 8. जीतबहादुर सिंह 9. बीरबहादुर सिंह 10. जगत बहादुर सिंह 11. तहसीलदार सिंह 12. जितेन्द्र सिंह पुत्रगण हरिहर सिंह निवासीगण मौजा परसहर तप्पा सिरसी परगना महुली पूरव तहसील खलीलाबाद जिला–संतकबीरनगर
**तारीख पेशी 29–03–2025**
हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।
लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 29 माह 03 सन 2025 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान प्रथम अति0 सिविल जज (सी0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–99/2019
स्टेट बैंक
बनाम
रामसागर आदि
1. राम सागर पुत्र हरीराम निवासी मड़वानगर बड़ेवन तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती
2. रामकल्प यादव पुत्र रामशब्द ग्राम डिलिया तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 26–03–2025**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 26 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0 909/94
रामधनी
बनाम
शिवपती
1/1 पशुपतिनाथ पुत्र स्व0 मुक्तेश्वर नाथ निवासी घरसोहिया तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला बस्ती
**तारीख पेशी 23–04–2025**
हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।
लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 23 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–674/2024
रामशब्द
बनाम
सरकार आदि
चन्द्रमोहन उम्र 34 वर्ष पुत्र जोखू साकिन कटरा बुजुर्ग तप्पा गनेशपुर परगना नगर पूरव तहसील व जिला बस्ती
**तारीख पेशी 29–03–2025**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 29 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–354/2023
मुकेश
बनाम
शकुन्तला देवी आदि
1. शकुन्तला देवी उम्र लगभग 55 साल पत्नी स्व0 रामचन्द्र 2. रामकेश उम्र करीब 35 साल पुत्र स्व0 रामचन्द्र निवासीगण गोड़ियाजोत तप्पा कलवारी परगना नगर पूरव तहसील व जिला बस्ती
**तारीख पेशी 03–05–2025**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 03 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–358/2024
सिरपत आदि
बनाम
अमरनाथ आदि
1. अमरनाथ 2. शिवनाथ 3.सुरेन्द्रनाथ 4. जितेन्द्रनाथ पुत्रगण स्व0 रामशब्द निवासी मौजा भेड़वा तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती
–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग
5. हरीराम पुत्र चुन्नू 6. राम सजीवन पुत्र बेनी साकिनान बैड़ारी मुस्तहकम तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती
–प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग
**तारीख पेशी 22–04–2025**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 22 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–384/2024
रामचन्दर
बनाम
राजू
1. राजू उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र राम आसरे ग्राम गौरा तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 14–04–2025**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 14 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 03/2025
रामकृष्ण सिंह –सायल
1. रामकृष्ण सिंह उम्र 45 साल पुत्र रामचन्दर सिंह साकिन कुदरही बाबू तप्पा दुबौलिया परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती पो0 विषेसरगंज
**तारीख पेशी 13–03–2025**
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925
दरख्वास्त मुसम्मा
वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद
हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 13–03–2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।
अलमरकूम माह सन 20 ई0।
द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश
(आर्डर 9 कायदा 9) (2)
अदालत– श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0–111/2023
पुद्दन आदि
बनाम
रामउग्रह
1. राम उग्रह उम्र लगभग 73 वर्ष पुत्र दयाराम साकिन ग्राम रूधौली कला तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 01–04–2025**
हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।
लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 01 माह 04 सन 2025 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**
**संस्थापक सम्पादक स्व. दिनेश चन्द्र पाण्डेय**
**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com